Now, Dr. Fauzia Khan; not present. Shri Dhairyashil Mohan Patil — Demand for establishment of Multifunctional Development Centres in Raigad districts of Maharashtra for its comprehensive development.

Demand for establishment of Multi-Functional Development Centres in Raigad district of Maharashtra for its comprehensive development

श्री धैर्यशील मोहन पाटिल (महाराष्ट्र): आदरणीय उपसभापति महोदय, रायगढ़ जिले में औद्योगिक विकास हेतु कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकता के मुद्दे पर मैं अपनी अपेक्षा यहाँ पर व्यक्त कर रहा हूँ।

आदरणीय उपसभापति महोदय, रायगढ़ जिला महाराष्ट्र का एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है। एक प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ ही यहाँ एक अच्छा तटीय क्षेत्र भी है। इसके साथ ही, यहाँ एक ओर जेएनपीटी, धरमतार, दिघी जैसे बंदरगाह हैं, तो दूसरी ओर तलोजा, महाड, रसायनी जैसे औद्योगिक क्षेत्र भी हैं। इस जिले में कृषि उद्योग, मत्स्यपालन और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी बहुत अच्छा potential माना जाता है। इन क्षेत्रों में स्थानीय युवकों को रोजगार मिलने की आवश्यकता है, लेकिन इसके लिए उनको कुशल कार्यबल का प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित करना भी बहुत जरूरी है। मौजूदा प्रशिक्षण सुविधा इस आवश्यकता का पूरे तरीके से समाधान करने में असमर्थ हैं, जिसके कारण स्थानीय युवकों के लिए रोजगार के अवसर बहुत ही सीमित हो जाते हैं। उपसभापति महोदय, जिला कार्य योजना के अनुसार जितने कुशल कार्यबल प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है, इस जिला को उससे कई गुना ज्यादा कुशल कार्यबल की आवश्यकता है।

उपसभापति महोदय, मेरी अपेक्षा है कि सरकार को जेएनपीटी, दिघी जैसे क्षेत्रों में जो औद्योगिक कंपनियाँ हैं, औद्योगिक संगठन हैं, उनके साथ मिल कर बहुक्षेत्रीय कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना करनी चाहिए, जिससे स्थानीय युवक-युवतियाँ कुशल कार्यबल में प्रशिक्षित हो सकें, जिससे स्थानीय युवक-युवतियों को रोजगार मिल सके और इस जिले का समग्र आर्थिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित हो सके। उपसभापति महोदय, मेरी अपेक्षा है कि यह जिला जिस आर्थिक प्रगति और सामाजिक प्रगति का हकदार है, वह हक इस जिला को मिले, यहाँ के युवक-युवतियों को मिले। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Dr. Anil Sukhdeorao Bonde — Demand for conferring the Bharat Ratna Award posthumously on the late Dr. Panjabrao Shamrao Deshmukh.

Demand for conferring the Bharat Ratna Award posthumously on the late Dr.Panjabrao Shamrao Deshmukh

डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे (महाराष्ट्र): उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से देश के लिए विशेष रूप से शिक्षा, कृषि तथा सामाजिक क्षेत्र में महान योगदान देने वाले स्वर्गीय डा. पंजाबराव